दिन– मंगलवार दिनांक– 09/09/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि – 05 मिनट

---

उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान की प्रक्रिया जारी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबसे पहले वोट डाला। केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, अश्विनी वैष्णव, जितेंद्र सिंह, प्रल्हाद जोशी, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, वरिष्ठ कांग्रेस सांसद सोनिया गांधी समेत कई सांसदों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान शाम पांच बजे तक चलेगा। मतगणना शाम छह बजे के बाद होगी। इस चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन, एनडीए उम्मीदवार सी. पी. राधाकृष्णन और इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार बी. सुदर्शन रेड्डी के बीच मुकाबला है। उपराष्ट्रपति का चुनाव संसद के दोनों सदनों के सदस्यों वाले निर्वाचक मंडल द्वारा किया जाता है। वर्तमान में लोकसभा में पांच सौ बयालीस और राज्यसभा में दो सौ उनचालीस सदस्य हैं, जिससे कुल निर्वाचक मंडल की संख्या सात सौ इक्सासी हो जाती है। बहुमत का आंकड़ा तीन सौ इक्यानवे है।

---

राज्य मंत्रिमंडल ने आंगनबाड़ी सेविका और सहायिका के मानदेय में वृद्धि के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिमंडल की हुई बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गयी। कैबिनेट विभाग के अपर मुख्य सचिव अरविन्द कुमार चौधरी ने बताया कि अब आंगनबाड़ी सेविकाओं को प्रतिमाह नौ हजार रुपये और आंगनबाड़ी सहायिकाओं को साढे चार हजार रुपये मानदेय मिलेगा। उन्होंने बताया कि नई व्यवस्था अगले महीने से प्रभावी होगी। श्री चौधरी ने बताया कि कैबिनेट ने राजस्व कर्मचारी के तीन हजार तीन सौ तीन अतिरिक्त पदों के सृजन को स्वीकृति दी है। इसके अलावा मंत्रिमंडल ने मुख्यमंत्री फैलोशिप योजना शुरू करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। कैबिनेट ने पटना में जीविका के मुख्यालय भवन के निर्माण के लिए तिहत्तर करोड़ रुपये से अधिक की राशि स्वीकृत की है।

---

सोशल मीडिया पर प्रतिबंध को लेकर नेपाल में जारी हिंसक प्रदर्शन के बीच बिहार के सीमावर्ती जिलों में चौकसी बढ़ा दी गयी है। हमारे संवाददाता ने बताया कि पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, सीतामढ़ी, मधुबनी, सुपौल, अररिया और किशनगंज जिले में एसएसबी और पुलिस की संयुक्त गश्त बढ़ा दी गयी है। सीमा पार आने–जाने वालों पर विशेष नजर रखी जा रही है। इधर, नेपाल में अभी भी विरोध प्रदर्शन जारी है। प्रदर्शकारियों ने कई जनप्रतिनिधियों के आवासीय परिसर में आगजनी भी की है। इधर, प्रधानमंत्री के.पी. शर्मा ओली मंत्रिमंडल से कई मंत्रियों ने इस्तीफा दे दिया है। गौरतलब है कि नेपाल सरकार ने फेसबुक, वाट्सएप और एक्स समेत छब्बीस सोशल मीडिया साईट्स पर प्रतिबंध लगा दिया था, जिसके बाद कल से हिंसक प्रदर्शन का दौर शुरू है। हालांकि बाद में नेपाल सरकार ने सभी सोशल मीडिया साईट्स से प्रतिबंध को वापस लेने का फैसला लिया था।

————————————————————————

चौथे चरण की शिक्षक नियुक्ति परीक्षा में रिक्तियों की संख्या बढ़ाने समेत अन्य मांगों को लेकर अभ्यर्थियों ने आज पटना में विरोध प्रदर्शन किया। अभ्यर्थी पटना कॉलेज परिसर से मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने के लिए निकले थे। डाकबंगला चौराहे पर पुलिस ने सभी को रोक दिया। प्रदर्शनकारी अभ्यर्थी टीआरई–फोर के तहत एक लाख बीस हजार सीटों के लिए नियुक्ति परीक्षा आयोजित करने की मांग कर रहे थे। गौरतलब है कि शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने शिक्षक दिवस पर छब्बीस हजार सीटों के लिए परीक्षा आयोजित कराने की घोषणा की थी।

————————————————————————

प्रदेश में मानसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य के उत्तरी हिस्सों में पिछले चौबीस घंटों के दौरान कुछ हिस्सों में भारी से बहुत भारी बारिश हुयी है। किशनगंज के तैयबपुर में सबसे अधिक एक सौ सत्रह मिलीमीटर बारिश दर्ज की गयी है। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि आज किशनगंज, भागलपुर और बेगूसराय जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है।

————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।